मेरा सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। अस्मिता 'युवा लड़कियों को अपने फुटबॉल के सपनों को साकार करने के लिए मुश्किल से मिलने वाला मंच है। **– मनीषा कल्याण**

भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एएफसी कप को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **आर. अश्विन**

क्या आर अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच दूरियां बढ़ रही हैं? हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स खेमे में चल रही ताजा गतिविधियों से ऐसा लग रहा है कि अश्विन – जो लाल गेंद के क्रिकेट में भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक हैं – चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं। इस अपरिहार्य अलगाव का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपना मन बना लिया है और फ्रेंचाइजी को इस बारे में बता दिया है।

क्या आप जानते हैं ?... सिराज इस सीरीज के साथ शुरू हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

टी-20, टेस्ट के बाद अब वनडे से भी संन्यास ले रहे हैं कोहली ?

नई दिल्ली, 8 अगस्त। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों क्रिकेट से दूर लंदन में अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। हाल ही में कोहली की एक तस्वीर सोशल

मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। इस तस्वीर को देखकर उनके फैंस काफी हैरान हैं। सभी फैंस के मन में अब यही सवाल उठने लगा है कि टी20, टेस्ट की तरह अब कोहली वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे क्या? दरअसल, वायरल हो रही तस्वीर में कोहली की दाढ़ी सफेद रंग की दिख रही है जिस पर लोगों ने काफी कमेंट किए हैं। विराट कोहली की उम्र इस समय 36 साल की है और फैंस के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या अब वो वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज से पहले अनुभवी बल्लेबाज ने टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। यही नहीं उन्होंने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के खत्म होने के बाद टी20 को भी अलविदा कह दिया था। अब फिलहाल वह सिर्फ वनडे क्रिकेट का हिस्सा हैं। जुलाई 10 को युवराज सिंह ने एक इवेंट होस्ट किया था जिसमें विराट कोहली भी दिखे थे। उन्होंने इस इवेंट में अपनी दाढ़ी को लेकर बड़ा बयान दिया था। कोहली ने कहा था कि, मैंने अभी दो ही दिन पहले अपनी दाढ़ी कलर की है। अब समय आ गया है कि हर चार दिन में मैं अपनी दाढ़ी कलर करता हूं। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। सभी का मानना था कि वो अपने इस मजाकिया बयान के पीछे की सच्चाई छुपा रहे हैं। फिलहाल, कोहली टीम इंडिया की ओर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते हुए दिख सकते हैं। उन्होंने टीम इंडिया की ओर से आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लिया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम को तीन मैच की वनडे और पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है जिसकी शुरुआत 19 अक्तूबर से हो रही है।

चार भारतीयों ने रचा इतिहास, एशियन सर्फिंग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

चेन्नई, 8 अगस्त। चार भारतीय सर्फरों ने आज प्रतिष्ठित महाबलीपुरम में चल रही एएसएफ एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। पांचवें दिन एशिया की शीर्ष सर्फिंग प्रतिभाओं ने तमिलनाडु के धूप से सराबोर तटों पर लहरों का सामना करते हुए जोरदार एक्शन और नाटकीय प्रदर्शन किया। ओपन पुरुष राउंड 3 (मुख्य राउंड), ओपन महिला क्वार्टर फाइनल, अंडर-18 बॉयज राउंड 3 (मुख्य राउंड) और अंडर-18 गर्ल्स राउंड 2 (रेपचेज) जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन उच्च दांव, साहसिक चालों और शानदार प्रदर्शन से भरा रहा। चार भारतीय सर्फरों ने प्रमुख वर्गों में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो इस आयोजन के इतिहास में टीम इंडिया का सबसे सफल प्रदर्शन था। ओपन में पुरुषों के राउंड 3 (मुख्य राउंड) में भारतीय ट्राइफेक्टा क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है क्योंकि टीम ने आज पुरुष वर्ग में अपने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक दिया, जिसमें तीनों सर्फर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

तेज गेंदबाज मैथ्यू फोर्ड चोटिल

त्रिनिदाद, 8 अगस्त। वेस्टइंडीज को उस समय झटका लगा जब खबर आई कि तेज गेंदबाज मैथ्यू फोर्ड चोटिल हो गए हैं और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बुधवार को एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान कैच लेने की कोशिश में फोर्ड के बाएँ कंधे की हड्डी उखड़ गई और अब इस तेज गेंदबाज की जगह वेस्टइंडीज टीम में नए ऑलराउंडर जोहान लेने को शामिल किया गया है। लेने को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ वेस्टइंडीज ए के लिए कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में शामिल किया गया है। 21 वर्षीय लेने कैरेबियाई टीम के लिए एक और तेज गेंदबाज विकल्प साबित होंगे। वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला उनकी टीम को 2027 में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उनकी कोशिशों के लिए एक अच्छी शुरुआत देगी। सैमी ने कहा, 2027 विश्व कप के लिए स्वत: क्वालीफाई करने के हमारे प्रयासों के बीच पाकिस्तान एक अलग तरह की परीक्षा और चुनौती पेश करता है। क्वालीफाई करना हमारा तात्कालिक लक्ष्य है, लेकिन दीर्घकालिक सफलता के लिए विजयी मानसिकता और टीम एकजुटता बनाए रखना ज़रूरी है।

तिलक वर्मा ने हैम्पशायर की जीत में निभाई अहम भूमिका

साउथम्पटन, 8 अगस्त। भारत के टी 20 स्पेशलिस्ट तिलक वर्मा ने गुरुवार को साउथंप्टन में खेले गए वनडे कप के ग्रुप-ए मुकाबले में अपनी टीम हैम्पशायर के लिए एसेक्स के खिलाफ 54 रन की पारी खेली। तिलक ने जो वीदरली के साथ 98 रन की अहम साझेदारी भी निभाई, वीदरली ने इस मैच में नाबाद शतक जड़ा। एसेक्स के खिलाफ इस जीत के बाद अंक तालिका में हैम्पशायर टॉप पर पहुंच गई है, जबकि दो मैचों में दो हार के साथ एसेक्स फिलहाल आठवें स्थान पर है। इससे पहले हैम्पशायर के कप्तान निक गबिन्स ने टॉस जीतकर एसेक्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। एसेक्स ने चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास के अर्धशतकों की बदौलत स्कोर बोर्ड पर 285 रन बना दिए थे। एलिसन ने 80, वेस्ले ने 61 जबकि दास ने 50 रन बनाए थे। हैम्पशायर की ओर से काइल एबॉट, एडी जैक, डॉमिनिक केली और एंड्रयू नील को दो-दो सफलता हाथ लगी थी।

सैमसन ने आईपीएल 2026 से पहले खुद को आरआर से रिलीज करने को कहा

नई दिल्ली, 8 अगस्त। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने फ्रेंचाइजी को कहा है कि उन्हें रिलीज कर दिया जाए। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक़ सैमसन ने आरआर मैनेजमेंट को आईपीएल 2025 खत्म होते ही खुद को रिलीज करने की गुजारिश की थी। सैमसन पहली बार इस फ्रेंचाइजी के साथ 2013 में जुड़े थे और फिर 2021 में उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया था।

इस फ्रेंचाइजी की 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी, हालांकि अब तक आरआर ने सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। माना जा रहा है कि आरआर उन्हें टीम में बने रहने के लिए मनाने का विकल्प भी तलाश रही है। रॉयल्स के मुख्य मालिक मनोज बडाले ने इस बारे में पूछे जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की। अंतिम निर्णय बडाले रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर लेंगे।

29 वर्षीय सैमसन ने चोट की वजह से 2025 सीजन में 14 में से सिर्फ नौ मैच ही खेले थे, उनकी ग़ैरमौजूदगी में

रियान पराग ने टीम की कमान संभाली थी। आरआर ने सीजन नौवें स्थान पर रहकर समाप्त किया था, उनके नाम 14 मैचों में महज चार जीत थी। अगर आरआर सैमसन को रिलीज करने का फ़ैसला करती है, तो उनके पास उपलब्ध विकल्पों में उन्हें किसी अन्य फ्रेंचाइजी के साथ ट्रेड करना या नीलामी में भेजना शामिल है। आईपीएल अनुबंध के अनुसार, ऐसे मामले में अंतिम अधिकार फ्रेंचाइजी के पास होता है। जहां तक ट्रेड की बात है, तो यह खिलाड़ियों की अदला-बदली या पूरी तरह से नकद सौदा हो सकता है। 2022 में सैमसन ने आरआर को 2008 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचाया था। हालांकि 2022 के सफल सीजन में बड़ी भूमिका निभाने वाले – जॉस बटलर और युजवेंद्र चहल, जिन्होंने उस सीजन में ऑरेंज और पर्पल कैप जीती थी, उन्हें आरआर ने 2025 मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था।

बताया जा रहा है कि सैमसन इस समय बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा चुने गए खिलाड़ियों के लिए डिजाइन किए गए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हैं। सैमसन को 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए चुना जा सकता है। इससे पहले, सैमसन केरल क्रिकेट लीग में कुछ मैच खेलेंगे, जहां उन्हें हाल ही में सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में चुना गया था।

सैमसन उन चार खिलाड़ियों में से एक थे जिन्हें आरआर ने पिछले अक्तूबर की मेगा नीलामी से पहले 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। रिटेन किए गए अन्य खिलाड़ियों में यशस्वी जायसवाल (18 करोड़), पराग और ध्रुव जुरेल (प्रत्येक 14 करोड़) और संदीप शर्मा (अनकैप्ड, 6 करोड़) शामिल थे। नवंबर में आईपीएल की रिटेंशन की समय सीमा समाप्त होने से पहले रॉयल्स के पास सैमसन के साथ अंतिम निर्णय लेने के लिए फ़िलहाल दो महीने का समय है।

दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से बेंगलुरु में

दलीप ट्रॉफी की 5 टीमें घोषित

नई दिल्ली, 8 अगस्त। भारतीय घरेलू क्रिकेट के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से बेंगलुरु में हो रहा है। टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फाइनल मैच 11 से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सेलेंस, बेंगलुरु में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में साउथ जोन, सेंट्रल जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन, नॉर्थ जोन और नॉर्थईस्ट जोन के रूप में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फिलहाल नॉर्थ ईस्ट जोन टीम की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है।

28 अगस्त से 31 अगस्त तक नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच मैच खेला जाएगा। इन दोनों मैचों में जीत दर्ज करने वाली टीमें 4 से 8 सितंबर के बीच वेस्ट जोन और साउथ जोन से भिड़ेंगी। फाइनल 11 से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। हिस्सा ले रही 6 में से पांच टीमों की घोषणा कर दी गई है।

भारत के लंबे घरेलू टेस्ट सीजन से पहले तैयारी के तौर पर खेला जाने वाला दलीप ट्रॉफी पिछले साल चार टीमों के बजाय अपने पुराने क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगा। यानी इस बार टूर्नामेंट पुराने इंटर जोनल फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। दलीप ट्रॉफी के पिछले सीजन कोई नॉकआउट मैच नहीं खेले गए थे। लेकिन मौजूदा सीजन टूर्नामेंट की शुरुआत नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबलों से होगी, जबकि 2023 की आखिरी जोनल सीजन के फाइनलिस्ट साउथ जोन और वेस्ट जोन ने सीधे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

साउथ जोन टीम

तिलक वर्मा (कप्तान), मोहम्मद अजहरुद्दीन, तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीशन, टी विजय, आर साई किशोर, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैशाख, एमडी निदीश, रिकी भुई, बेसिल एनपी, गुरजपनीत सिंह और स्नेहल कौठनकर।

सेंट्रल जोन टीम

ध्रुव जुरेल (कप्तान, विकेटकीपर), रजत पाटीदार (उपकप्तान – फिटनेस क्लीयरेंस के अधीन), आर्यन जुयाल, दानेश मालेवार, संजीत देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, वाई शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद

वेस्ट जोन टीम

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, धर्मेंद्र जड़ेजा, तुषार देशपांडे, अर्जन नागवासवाला

ईस्ट जोन टीम

इशान किशन (सी) (डब्ल्यूके), अभिमन्यु ईश्वरन (वीसी), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (डब्ल्यूके), रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज जयसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप, मोहम्मद शमी

नॉर्थ जोन टीम

शुबमन गिल (कप्तान, पंजाब), शुभम खजूरिया (जम्मू-कश्मीर), अंकित कुमार (उप-कप्तान, हरियाणा), आयुष बडोनी (दिल्ली), यश ढुल (दिल्ली), अंकित कलसी (हिमाचल प्रदेश), निशांत संधू (हरियाणा), साहिल लोत्रा (जम्मू-कश्मीर), मयंक डागर (हिमाचल प्रदेश), युद्धवीर सिंह चरक (जम्मू-कश्मीर), अर्शदीप सिंह (पंजाब), हर्षित राणा (दिल्ली), अंशुल कंबोज (हरियाणा), औकिब नबी (जम्मू-कश्मीर), कन्हैया वधावन (जम्मू-कश्मीर, विकेटकीपर)

फुल शेड्यूल

क्वार्टरफाइनल 1 : 28-31 अगस्त, 2025: उत्तर क्षेत्र बनाम पूर्व क्षेत्र
क्वार्टरफाइनल 2 : 28-31 अगस्त, 2025: मध्य क्षेत्र बनाम उत्तर-पूर्व क्षेत्र
सेमीफाइनल 1 : 4-7 सितंबर, 2025: दक्षिण क्षेत्र बनाम विजेता क्वार्टर फ़ाइनल 1
सेमीफाइनल 2 : 4-7 सितंबर, 2025: उत्तर क्षेत्र बनाम विजेता क्वार्टरफाइनल 2
फाइनल : 11-15 सितंबर, 2025: विजेता क्वार्टर फ़ाइनल 1 बनाम विजेता क्वार्टरफाइनल 2

प्रियांश ने मचाया तूफान, 9 छक्के, 7 चौके के साथ बना दिए 111 रन

नई दिल्ली, 8 अगस्त। दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 के 12वें मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ आउटर दिल्ली वॉरियर्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या का तूफान मैदान पर देखने को मिला। प्रियांश ने अपनी तूफानी बैटिंग के दम पर विरोधी गेंदबाजों की हवा टाइट कर दी और इस सीजन में ये प्रियांश का अपनी टीम के लिए पहला शतक रहा।इस मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के कप्तान अनुज रावत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद पहले बैटिंग करने आई आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 231 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया और विरोधी टीम को जीत के लिए 232 रन का बड़ा लक्ष्य दिया। 23 साल के

पाकिस्तानी बल्लेबाज हैदर अली पर इंग्लैंड में दर्ज हुआ आपराधिक मामला

मैनचेस्टर, 8 अगस्त। पाकिस्तानी बल्लेबाज हैदर अली पर ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस (जीएमपी) ने आपराधिक जांच शुरू कर दी है और जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। हालांकि अपराध की प्रकृति के बारे में कोई विवरण जारी नहीं किया गया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक हैदर को फिलहाल हिरासत में नहीं लिया गया है लेकिन जीएमपी उनसे पूछताछ कर रही है।

पीसीबी ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्हें जांच के बारे में जानकारी दी गई है, और यह घटना पाकिस्तान शाहीन के हालिया यूनाइटेड किंगडम दौरे के दौरान हुई थी, जो सोमवार को समाप्त हुआ था। पीसीबी ने पुष्टि की है कि वह हैदर को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान उसके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सहायता प्रदान कर रहा है।

पीसीबी के बयान में कहा गया है,

पीसीबी को ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस द्वारा क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी एक आपराधिक जांच के बारे में अवगत कराया गया है। यह जांच पाकिस्तान शाहीन के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना से संबंधित है।

पीसीबी, यूनाइटेड किंगडम की कानूनी प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को समझता है। पीसीबी ने हैदर अली को तत्काल प्रभाव से, चल रही जांच के परिणाम आने तक, अस्थायी निलंबन के तहत रखने का निर्णय लिया है। कानूनी कार्रवाई पूरी होने और सभी तथ्य विधिवत स्थापित होने के बाद, पीसीबी अपनी आचार संहिता के तहत, अगर आवश्यक हुआ तो उचित कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। हैदर ने पाकिस्तान के लिए दो वनडे और 35 टी 20 खेला है, और वह फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर पाकिस्तान शाहीन के अनुभवी खिलाड़ी में से एक थे। उन्होंने इस दौरे पर सभी 50 ओवर वाले मैच खेले थे, साथ ही दो तीन दिवसीय मैच में भी वह प्लेइंग- में शामिल थे।

गिल ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया : पार्थिव पटेल

नई दिल्ली, 8 अगस्त। पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है। फॉलो द ब्लूज पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया। उन्होंने कहा, चार शतक, 75.40 की औसत और 750 से ज्यादा रन – सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थे: क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए। हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन। दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है।

पुरुष एकल में अमेरिका के बेन शेल्टन बने चैम्पियन

विक्टोरिया एमबोको ने महिलाओं में जीता खिताब

नई दिल्ली, 8 अगस्त। अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोवा को 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं शेल्टन ने 2023 में टोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7, 13-11 से हराया।

दूसरी तरफ कनाडा की विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित किया। इसके साथ ही विक्टोरिया ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-5, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस जीत से वह वर्ल्ड रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी।

कॉल्विन शील्ड खेले बिना ही खिलाड़ी अमित सिंह का अगले चरण में हो गया चयन

दौसा, 8 अगस्त। जिला क्रिकेट संघ दौसा में धांधली का बड़ा मामला सामने आया है। एक तरह जहां सैकड़ों खिलाड़ी आगे बढ़ने की चाहत में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की ओर से आयोजित टूर्नामेंट में कडी मेहनत कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिला और राज्य संघ के पदाधिकारियों की मिलीभगत से ऐसे खिलाड़ी का अगले चरण में चयन कर दिया गया, जिसने जून में आरसीए की ओर से आयोजित की गई। सीनियर कॉल्विन शील्ड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ही नहीं लिया। आरसीए के इस कदम ने आगे बढ़ने के लिए अन्य खिलाड़ियों द्वारा की जा रही मेहनत पर पानी फेर दिया।

दरअसल, आरसीए ने जून में आयोजित की कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दर्जनों खिलाड़ियों का यो-यो टेस्ट (शारीरिक दक्षता परीक्षा) के लिए चयन किया गया है। इस टेस्ट में पास होने वाले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी के लिए बनाई जाने वाली राज्य की टीम के प्रशिक्षण

Dear Sir,

The following players of your DCA have been selected for Senior YO-YO test to be held at RCA Academy, Jaipur for the date mentioned against their name :-

S.No.	Name	District	Date
1	Amit Singh	Dausa	06.08.2025

Please inform the above players to report at RCA Academy at 10.00 am.

YOYO 2025-26

Please also inform the players to scan the above QR Code for Join the Group.

Regards,

Cricket Operations,
Rajasthan Cricket Association

शिवर में शामिल किया जाएगा।

यो-यो टेस्ट के लिए बुलाए गए खिलाड़ियों में दौसा से अमित सिंह नाम के खिलाड़ी का भी चयन किया गया है। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि यह खिलाड़ी कॉल्विन शील्ड बेहतर प्रदर्शन करना तो दूर प्रतियोगिता के लिए दौसा जिले की टीम में भी चयनित नहीं हुआ था। ऐसे में बिना टूर्नामेंट खेले ही आरसीए का अगले चरण के लिए उसका चयन करना खुली धांधली की ओर इशारा कर रहा है ।

आरसीए ने जिला क्रिकेट संघ को भेजा के चयन को लेकर आरसीए ने 4 अगस्त को जिला क्रिकेट संघ दौसा के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय को ईमेल भेजकर उसे 6 अगस्त को यो-यो टेस्ट के लिए भेजने के भी निर्देश दिए थे। उसके बाद अमित ने 6 अगस्त को जयपुर पहुंचकर यह टेस्ट भी दे दिया। बिना टूर्नामेंट खेले ही खिलाड़ी को यो-यो टेस्ट के लिए चयनित किया जाना जिला क्रिकेट संघ और आरसीए के पदाधिकारियों की मिलीभगत के साथ चयन समिति की चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठा रहा है।

एडहॉक कमेटी कर रही निष्पक्ष खेल गतिविधियों के संचालन का दावा : इधर, आरसीए में क्रिकेट संचालन के लिए गठित एडहॉक कमेटी कार्यभार संभालने के बाद से ही प्रदेश की क्रिकेट को सुचारू रूप से चलाने और खेल गतिविधियों के निष्पक्ष संचालन का दावा कर रही है, लेकिन दौसा जिले की टीम में चयनित नह होने वाले खिलाड़ी के चयन ने एडहॉक कमेटी के दावों की पोल खोलकर रख दी है। इसी तरह आरसीए और जिला क्रिकेट संघ दौसा की इस मिलिभगत ने हजारों मेहतनी खिलाड़ियों के साथ विश्वासघात किया है।

अमित सिंह दौसा जिले का नहीं है ऊपर से इसको शामिल किया गया है हमारी जानकारी में नहीं है । अमित सिंह तूगां गांव का है जो जयपुर जिले में आता है। हमने आरसीए में इसकी आपत्ति दर्ज करा दी है।

– बृज किशोर उपाध्याय
सचिव, दौसा क्रिकेट संघ

एचसीएल इंडिया टूर स्क्वैश का समापन, मिस्र के शोहदी और नूर खफागी ने जीते खिताब

जयपुर, 8 अगस्त। मिस्र के यासिन शोहदी और नूर खफागी ने अपनी शीर्ष वरीयता को सही साबित करते हुए शुक्रवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम कोर्ट्स पर संपन्न एचसीएल इंडिया टूर स्क्वैश टूर्नामेंट में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। भारत की तन्वी खन्ना को फाइनल में हार के साथ उपविजेता के रूप में संतोष करना पड़ा। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में टॉप सीड यासिन शोहदी ने अपने ही देश के मोहम्मद गोहर को सीधे सेंटों में 3-0 से शिकस्त दी। शोहदी ने मैच में शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और मुकाबला 11-5, 11-7, 11-3 से जीत खिताब अपने नाम किया।

महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। वर्ल्ड रैंकिंग में 114वें नम्बर की भारतीय खिलाड़ी तन्वी खन्ना ने रैंकिंग में अपने से कहीं ऊपर मिस्त्र की नूर

खफागी को चार सेटों तक कड़ा संघर्ष कराया। टूर्नामेंट की टॉप सीड नूर ने 11-3, 5-11, 11-5, 12-10 से जीत के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। जकार्ता और हांगझाऊ एशियाई खेलों की पदक विजेता तन्वी खन्ना ने पहला सेट हारने के बाद दूसरे सेट में शानदार वापसी की। उन्होंने तीसरा सेट गंवाया और चौथे सेट में 10-8 से बढ़त भी बना ली। लेकिन अनुभवी नूर ने तन्वी की कुछ गलतियों का फायदा उठाते हुए लगातार चार अंक बटोरे और खिताब पर कब्जा कर लिया।

इस टूर्नामेंट में मिस्त्र, जापान, श्रीलंका, मलेशिया, हांग कांग, कैनेडा, चीन, कुवैत, साउथ कोरिया, और भारत सहित 10 देशों के 50 प्रोफेशनल स्क्वैश खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। पिछले पूरे सप्ताह इन खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए जयपुर में स्क्वैश का बेहद रोमांचक अनुभव पेश किया।

इस पीएसए रजिस्टर्ड ईवेंट में महिला और पुरुष श्रेणी में से प्रत्येक को 9,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गई। भारतीय खिलाड़ियों को अपने घरेलू मैदान पर प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन रैंकिंग पॉईंट अर्जित करने का दुर्लभ व बहुमूल्य अवसर भी मिला, जो भारतीय स्क्वैश की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। एचसीएल ग्रुप के एवीपी एवं हेड ऑफ ब्रांड, रजत चंडोलिया ने कहा, भारत में स्क्वैश को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहा है। जयपुर में लोगों के बीच जो उत्साह और खेल की क्वालिटी देखने को मिली, उससे हमारे देश में इस खेल की बढ़ती गति प्रदर्शित होती है। हम सभी खिलाड़ियों, खासकर आज के चैंपियनों को बधाई देते हैं।"

स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की वाईस प्रेसिडेंट, सुरभि मिश्रा ने कहा, "जयपुर टूर्नामेंट ने भारतीय स्क्वैश के बढ़ते स्तर और उभरते हुए खिलाड़ियों की प्रतिभा प्रदर्शित की है। एचसीएल स्क्वैश इंडियन टूर जैसे अभियान काफी महत्वपूर्ण हैं, जो खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान और घरेलू मैदान में खेलकर महत्वपूर्ण रैंकिंग पॉईंट अर्जित करने का अवसर प्रदान करते हैं।" समापन समारोह में राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, एचसीएल ग्रुप के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और ब्रांड हैड रजत चन्दोलिया, राजस्थान खेल परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया और स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष सुरभि मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

मेघायल भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा

शिलांग, 8 अगस्त। जल क्रीड़ा और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए, मेघालय जल्द ही री-भोई जिले में उमथम नदी पर भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा, मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने यह जानकारी दी है। गुरुवार को, कैबिनेट ने देश के एकमात्र समर्पित स्लैलम कोर्स को विकसित करने के लि